सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 90 | इंदौर, सोमवार 13 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## नकली दवाओं पर नकेल कसने गठित होगी एनफोर्समेंट सेल

- तुरंत एक्शन लेने की होगी पावर, हर जिला दवा मॉनिटरिंग सिस्टम और हैंडहेल्ड डिवाइस से होगा लैस

**भोपाल। छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप से 25 मासूमों की मौत ने आखिरकार सरकार को झकझोर दिया। अब प्रदेश में दवा निगरानी व्यवस्था को नया चेहरा देने की तैयारी शुरू हो गई है।**

डिप्टी सीएम डॉ. राजेंद्र शुक्ल ने भोपाल में रविवार को छुट्टी के दिन बैठक बुलाई। जिसमें कहा गया कि अब हर गोली, हर सिरप की जिम्मेदारी तय होगी। कोई भी दवा जांच के बिना बाजार या अस्पताल तक नहीं पहुंचेगी।

### निगरानी के लिए बनेगा खास एन्फोर्समेंट सेल

अब नकली या घटिया दवा बनाने और बेचने वालों की खैर नहीं। सरकार एक खास एन्फोर्समेंट और लीगल सेल बना रही है जो फील्ड से मिली रिपोर्ट के आधार पर तुरंत कार्रवाई करेगी। चाहे वह दवा जब्त करना हो या लाइसेंस रद्द करनाइसमें काम करने वाले फील्ड से लेकर लैब तक काम करने वाले हर अफसर और कर्मचारी को ई-लर्निंग और ऑन-ग्राउंड ट्रेनिंग दी जाएगी। इससे जांच की प्रक्रिया फास्ट, पारदर्शी और डिजिटल बनेगी।

### हर जिले में बनेगा दवा मॉनिटरिंग सिस्टम

अब दवाओं की जांच सिर्फ भोपाल, इंदौर या जबलपुर की लैब में नहीं होगी। सरकार हर जिले में लोकल ड्रग मॉनिटरिंग यूनिट बनाएगी। यहां से लिए गए सैंपल की मौके पर जांच होगी और रिपोर्ट सीधे राज्य मुख्यालय को भेजी जाएगी। जिला अस्पतालों और मेडिकल स्टोर डिपो में क्वालिटी कंट्रोल डेस्क बनाए जाएंगे ताकि किसी भी संदिग्ध दवा को तुरंत पकड़ा जा सके।

**फील्ड टीमों को मिलेंगे हैंडहेल्ड डिवाइस-** अब ड्रग इंस्पेक्टर को जांच के लिए लैब का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्हें हैंडहेल्ड टेस्टिंग डिवाइस दिए जा रहे हैं, जिससे सिरप या टैबलेट की क्वालिटी मौके पर ही जांची जा सकेगी। इन डिवाइस से दवा में मिलावट या केमिकल असमानता तुरंत पकड़ में आ जाएगी।

सीएम डॉ. यादव MSME सम्मेलन 2025 में शामिल होंगे

# इकाइयों को 200 करोड़ की अनुदान राशि अंतरित करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को होटल ताज फ्रंट में आयोजित एमएसएमई सम्मेलन 2025 में शामिल होंगे। यह सम्मेलन प्रदेश में एमएसएमई क्षेत्र के विकास और स्टार्टअप इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एमएसएमई विकास नीति के अंतर्गत प्रदेश के 48 जिलों की 700 से अधिक इकाइयों को सिंगल क्लिक के माध्यम से 200 करोड़ से अधिक की अनुदान राशि अंतरित करेंगे। साथ ही स्टार्टअप नीति 2025 के अंतर्गत प्रदेश के 80 से अधिक स्टार्टअप्स को 1 करोड़ से अधिक की सहायता राशि भी वितरित की जाएगी।

**उद्यम क्रांति योजना के लाभार्थी होंगे सम्मानित-** सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री डॉ.



यादव एमएसएमई विभाग के अधीन औद्योगिक क्षेत्रों में 200 से अधिक उद्यमों को भूखंड आवंटन के आशय पत्र वितरित करेंगे। इसके साथ ही वे 113.78 करोड़ की लागत से बनने वाले तीन नए औद्योगिक क्षेत्रों का वर्चुअल शिलान्यास भी करेंगे।

सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत 350 से अधिक हितग्राहियों को ऋण स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 100 से अधिक लाभार्थियों को कार्यक्रम में ही हितलाभ वितरण किया जाएगा।

### एमएसएमई विभाग और ओएनडीसी के बीच एमओयू

कार्यक्रम के दौरान एमएसएमई विभाग और ओएनडीसी (Open Network for Digital Commerce) के बीच समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर होंगे। इसके अतिरिक्त 7.57 करोड़ लागत से निर्मित होने वाले तीन नए कार्यालय भवनों का शिलान्यास भी किया जाएगा। सम्मेलन में उद्योग नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव श्री राघवेंद्र कुमार सिंह की उपस्थिति में, उद्यमी और स्टार्टअप संस्थापक अपने अनुभव साझा करेंगे। सत्रों में स्टार्टअप और निर्यात संवर्धन पर विशेष चर्चा होगी, जबकि शाम को स्वदेशी एवं स्वावलंबन विषय पर एक विशेष परिचर्चा आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर बालाघाट और टीकमगढ़ के उद्यमियों तथा उद्योग संघों से वर्चुअल संवाद भी करेंगे।

आधुनिकता की चमक में खत्म हो रही परंपरा

# अपनी पहचान खो रहे मिट्टी के दीये

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। दीपावली दीपों का त्योहार है। दीपों से त्योहार मनाने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है, जिसका निर्वहन हम करते हैं। तेरस से अमावस्या और बाद में देवउठनी एकादशी तक दीये लगाने का रिवाज है। कार्तिक माह में वैसे भी दीपदान का विशेष महत्व है। दीपावली पर मिट्टी के दीये प्रज्वलित किए जाते हैं।**

गांव या नगर में मिट्टी के कार्य करने करने वाले वर्षा ऋतु के बाद से इन्हें बनाने का कार्य कर देते हैं। आजकल दीये भी मशीनों से बनाने के बाद सुखा लिए जाते हैं। मिट्टी के दीये जो एक निश्चित आकार के निर्मित होते हैं और बाजार में सरलता से उपलब्ध हो जाते हैं। वर्तमान में मिट्टी के आधुनिक, सुन्दर, छोटे और बड़े आकार के और नये



कलेवर के दीये सबका ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। पूर्व में बनने वाले मिट्टी के परंपरागत दीयों के लिए कच्चे सामान की सरलता से उपलब्धता नहीं है। वहीं मशीनों से निर्मित दीयों की फिनिशिंग अधिक अच्छी होने के कारण ग्राहकों की पहली पसंद हो गए हैं। ग्राहक भी सुंदर, फिनिश और स्टाइल के दीये पसंद करने लगे हैं, इसलिए इन दीयों की बाजार में मांग अधिक है। एक अनुमान के अनुसार नगर में करीब अस्सी लाख से एक करोड़ दीयों की खपत होती है। आधुनिक दीये गुजरात और दक्षिण के राज्यों से बुलवाए जा रहे हैं। सजावट की दुकानों पर स्टाइलिश दीये भी उपलब्ध हैं, जो करीब 25 रुपये से 80 रुपये तक के नॉवेल्टी मार्केट में मिल रहे हैं। प्रजापत समाज में आज के युवा परंपरागत कार्य को करने में रुचि नहीं रखते हैं। समाज में समय के साथ बदलाव आया और आज की पीढ़ी शिक्षित होने से वह उच्च स्थानों पर कार्य करने लगी। परिवार के वृद्ध और कुछ लोग मिट्टी के बर्तन और सामग्री बनाने का कार्य करते हैं। जूनी इंदौर में शनि गली में रहने वाले रामकिशन प्रजापत का कहना है कि पहले की अपेक्षा परंपरागत मिट्टी के दीये कम बनाए जाने लगे हैं। आज की पीढ़ी का पुश्तैनी कार्य में झुकाव भी कम है। मिट्टी के दीये जो स्थानीय स्तर पर बन रहे हैं वे 20 रुपये में 10, नए स्टाइल के आधुनिक मिट्टी के दीये महूनाका, बंगाली चौराहा, बिचौली, विजय नगर के अलावा नगर में कई स्थानों पर सड़क किनारे बिकते दिख जाते हैं। वे भी 20 रुपये में 8 बिक रहे हैं। ये दीये ग्राहकों की पहली पसंद हैं। इन दीयों के भाव में अधिक अंतर भी नहीं है। परदेशीपुरा क्षेत्र के प्रजापत समाज के बुजुर्ग का कहना है समाज का पुरातन कार्य करने से आज युवा परहेज करते हैं। चाक चलाना, मिट्टी लाना और उसे गूंथना ये सब उन्हें पसंद नहीं है, इसलिए गांवों और बाजार में मशीनों से निर्मित दीये लाकर हम बेच रहे हैं। फैशन और आधुनिकता के दौर में पर्वों को भी आधुनिक बना दिया है। अब हर सामग्री नई और फैशनेबल हो यह सभी की मांग रहती है।

# किसानों ने निकाली भावांतर धन्यवाद रैली ट्रैक्टर लेकर पहुंचे सुपर कॉरिडोर मैदान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। दशहरा मैदान के बाद इंदौर के समीप देपालपुर क्षेत्र से ट्रैक्टर रैली निकाली गई, जो सुपर कॉरिडोर पहुंची। इस रैली का उद्देश्य सोयाबीन भावांतर योजना से जुड़ा था। रैली में शामिल किसान ट्रैक्टर लेकर सुपर कॉरिडोर तक पहुंचे। यहां रैली एक सभा में बदल गई। सभा में मुख्यमंत्री मोहन यादव वर्चुअली जुड़े। उन्होंने कहा कि इस योजना के जरिए हमने यह तय किया है कि किसानों को उनकी फसल, उपज को उचित मूल्य मिले।**

बाजार में यदि उपज के दाम घटते भी है तो किसानों को नुकसान नहीं हुआ। सरकार तय भावों में किसानों से उपज खरीदेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की खुशहाली उनकी सरकार की प्राथमिकता है। इसमें कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। किसान इस योजना से खुश है। यही कारण है कि इतनी बड़ी संख्या में ट्रैक्टर लेकर यहां आए है। किसानों ने उनका भाषण ट्रैक्टरों पर बैठकर ही सुना। किसानों को बताया गया कि प्रदेश में डेढ़ हजर से ज्यादा स्थानों पर पंजीयन केंद्र बनाए गए है। पांच लाख से ज्यादा किसानों ने अपनी फसल का पंजीयन कराया है। सोयाबीन फसल के लिए भी पंजीयन शुरू हो गया है और 35 हजार से ज्यादा किसानों ने इसके लिए पंजीयन कराया है। इसकी अंतिम तिथि 17 अक्टूबर तक है। तब तक और भी किसान पंजीयन करा सकते है। उधर इस योजना का कांग्रेस और कुछ किसान संगठन विरोध कर रहे है। उनका कहना है कि योजना से किसानों को कोई फायदा नहीं हो रहा है। पिछली सरकार ने भी यह योजना लागू की थी, लेकिन वह फ्लॉप साबित हुई।






निगमायुक्त बोले-

## पेचवर्क-डामरीकरण का काम उच्च क्वालिटी का हो



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पेचवर्क और डामरीकरण का काम बेहतर रखने के लिए जरूरी है कि प्लांट से मटेरियल अच्छा से अच्छा आए इस पर फोकस करें। प्लांट पर मॉनिटरिंग करने से 80% से ज्यादा मटेरियल से पेचवर्क और डामरीकरण काम की क्वालिटी सुनिश्चित की जा सकती है। यह कहना है नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव का।**

दरअसल, रविवार को वे दो अलग-अलग डामर प्लांट को देखने पहुंचे, जहां से पेचवर्क और डामरीकरण के लिए रॉ मटेरियल आता है। इसमें से एक प्लांट पर उन्हें चूरी की क्वालिटी खराब मिली, इस पर उन्होंने पेनल्टी लगाने को कहा। निगमायुक्त ने ग्राम धुनेरी के पास देपालपुर रोड बेटमा पर राजेंद्र कुमार मंत्री और अनंत अग्रवाल के जय बजरंग स्टोन क्रेशर डामर प्लांट को देखा। बारिश के कारण शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों के सुधार के लिए निगम से अनुबंधित एजेंसी, कांट्रेक्टर से पेचवर्क का काम कराए जाने के क्रम में वे यहां पहुंचे थे। उनके साथ अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, अर्थ जैन, अभय राजनगांवकर व विभाग के कई अधिकारी भी थे। निगमायुक्त ने ग्राम धुनेरी, बेटमा स्थित प्लांट के निरीक्षण के समय पेचवर्क-डामरीकरण में इस्तेमाल में आने वाली हॉट मिक्स मटेरियल की क्वालिटी मानक के अनुसार सुनिश्चित करने के लिए निगम के इंजीनियर की नियुक्ति करने को कहा है, जो डामर प्लांट पर ही क्वालिटी चेक करेंगे। क्वालिटी अच्छी होने के बाद ही प्लांट से

## गुजराती समाज के महेंद्र भाई पटेल का निधन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र) इंदौर। गुजराती समाज के वरिष्ठ महेंद्र भाई पटेल का निधन हो गया है। मामले में उनके परिवार ने नेत्र, त्वचा और देह दान की है। दरअसल उनके निधन के बाद उनके बेटे विनीत भावनेश पटेल ने अपने पिताजी के इच्छा अनुसार दुख के पलों में अंग और देहदान कर समाज को परोपकार का संदेश दिया है। इस मौके पर पुलिस ने देहदानी महेंद्र पटेल के गार्ड ऑफ ऑनर दिया। पटेल की नेत्र एमवाय अस्पताल के आई बैंक को और त्वचा चोइथराम स्किन बैंक को डोनेट की गई हैं। उनकी देह गवर्नमेंट एमजीएम मेडिकल कॉलेज में अध्यनरत मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए मूल्यवान हिस्सा बनेगी। पटेल का मानना था कि मृत्यु के बाद भी उनकी आंखें दृष्टिहीन को रोशनी और त्वचा जीवित जले हुए रोगियों के इलाज में सहायक होगी।

# आवारा कुत्तों ने 30 दिन में 3,997 को काटा

## बिल्ली, चूहे और बंदरों ने भी शिकार बनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर की सड़कों पर आवारा कुत्तों का खौफ कम होने का नाम नहीं ले रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक कुत्तों के हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए ताजा आंकड़े बेहद चिंताजनक हैं। अकेले पिछले महीने, यानी सितंबर में 3 हजार से ज्यादा लोग कुत्तों के काटने का शिकार हुए हैं।**



स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर के 30 दिनों में इंदौर जिले में 3,997 लोगों को आवारा कुत्तों ने काटा। यह आंकड़ा सिर्फ हुकुमचंद पॉली क्लिनिक (लाल अस्पताल) में एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगवाने आए मरीजों का है। इन घटनाओं की पुष्टि करते हुए सीएमएचओ डॉक्टर माधव हसानी ने बताया कि पूरे जिले में सितंबर माह में कुल 4,587 लोग जानवरों के काटने के शिकार बने। लाल अस्पताल के आंकड़ों के मुताबिक, कुत्तों के अलावा अन्य जानवरों के हमले भी बढ़े हैं। सितंबर में 294 लोगों को बिल्लियों ने, 211 को चूहों ने और 60 लोगों को बंदरों ने अपना निशाना बनाया। इसके अलावा 29 लोग अन्य जीव-जंतुओं के काटने से घायल हुए। कुल मिलाकर सिर्फ एक अस्पताल में 4,591 से ज्यादा लोग जानवरों के हमले के बाद इलाज के लिए पहुंचे।

मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस वित्तीय वर्ष के शुरुआती छह महीनों (1 अप्रैल से 30 सितंबर 2025) में इंदौर जिले में 29,575 लोग आवारा कुत्तों के हमले का शिकार हो चुके हैं। यह आंकड़े शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी और उससे पैदा हो रहे खतरे की ओर स्पष्ट इशारा करते हैं।

## प्रेस्टीज कॉलेज के प्रोग्राम में मारपीट...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। प्रेस्टीज कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एक छात्र और उसके दोस्तों के साथ मारपीट की गई। इस मामले में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। विजयनगर पुलिस के अनुसार, अंकित अहिरवार पुत्र नरेंद्र अहिरवार निवासी साईंनाथ कॉलोनी की शिकायत पर रजत और यशवंत के खिलाफ मारपीट और धमकी देने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक, अंकित बाणगंगा क्षेत्र के एक स्कूल में कक्षा 12वीं का छात्र है। शनिवार शाम वह अपने दोस्तों आदेश, रूद्र, आर्किसमान और द्रोन के साथ प्रेस्टीज कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कार्यक्रम के दौरान अंकित का कंधा रजत और यशवंत से टकरा गया, जिसके चलते दोनों युवकों ने अंकित से धक्का-मुक्की शुरू कर दी और अपशब्दों कहे। इस दौरान रजत ने अंकित की शर्ट फाड़ दी और उसे धक्का दिया। झूमाझटकी में अंकित की सोने की चेन गिर गई। अंकित ने बताया कि झगड़े की सूचना मिलते ही उसके दोस्त आदेश और रूद्र वहां पहुंचे और बीच-बचाव किया। बाद में जब अंकित कॉलेज के गेट के बाहर आया, तो आरोपियों ने एक बार फिर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। रात करीब 8 बजे अंकित अपने साथियों के साथ विजयनगर थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने दीपावली के लिए इंदौर राजवाड़ा बाजार से खरीदे मिट्टी के दीपक

- इस त्यौहार घर की रौनक बढ़ाने के लिए स्वदेशी को अपनाने की कही बात



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। देश भर में दीपावली की धूम है, दुकानें सज गयी है घरों में साफ़-सफ़ाई शुरू हो चुकी है और घरों को सजाने का सामान भी हर दुकान पर सजने लगा है। जहाँ आज कई लोग ऑनलाइन शॉपिंग करके घर बैठे ही सामान बुलवा लेते हैं वहीं फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले लोगों पर घर चलाने का संकट पैदा हो जाता है। इसी असमानता को दूर करने और अपनों से जुड़ने के लिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'आत्मनिर्भर भारत' के स्वदेशी अपनाओ का नारा दिया गया है।

इसी को लेकर मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने अपने घर दीपावली की तैयारी के लिए रविवार को इंदौर राजवाड़ा बाजार से मिट्टी के दीपक/दीये खरीदे। उन्होंने सड़क पर दुकान लगाने वाली महिला से दीये की ख़रीदारी की। इस अवसर पर उनके साथ विधायक श्रीमती मालिनी गौड़, क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला और शहर अध्यक्ष सुमित मिश्रा भी मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि स्वदेशी संकल्प को पूरा करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प हम पूरा करेंगे।

# भारत में मध्यस्थता संबंधी न्यायशास्त्र को अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप बनाने की आवश्यकता: सर्वोच्च न्यायालय न्यायमूर्ति जितेन्द्र कुमार महेश्वरी

## न्याय प्रणाली को लचीला, समावेशी और तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जाएगा: न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। ब्रिलियंट कन्वेंशन सेन्टर इंदौर में न्यायधीशों, विधिवेत्ताओं और वैश्विक विशेषज्ञों की दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का रविवार को समापन हो गया। इस संगोष्ठी में सर्वोच्च न्यायालय सहित विभिन्न प्रदेशों के उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश सहित विधिवेत्ताओं, वैश्विक विशेषज्ञों ने बड़ी संख्या में अपनी सहभागिता दी। दो दिनों तक चली इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में विभिन्न वैचारिक और तकनीकी सत्र हुए। जिसमें न्यायधीशों, विधिवेत्ताओं और वैश्विक विशेषज्ञों ने परस्पर संपर्क और उत्साहजनक विचार-विमर्श किया।

इस मौके पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री जितेन्द्र कुमार महेश्वरी ने कहा कि भारत में मध्यस्थता संबंधी न्यायशास्त्र में तेजी से हो रही प्रगति तथा अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप इसे सामंजस्यपूर्ण बनाने की आवश्यकता है। न्यायमूर्ति श्री महेश्वरी ने इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन होना चाहिए। साथ ही उन्होंने अपना मार्गदर्शन भी दिया।

अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री संजीव सचदेवा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर न्यायमूर्ति श्री विजय कुमार शुक्ला, न्यायमूर्ति श्री गुरपाल सिंह अहलुवालिया, और न्यायमूर्ति श्री सुबोध अभ्यंकर सहित मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विशेष रूप से उपस्थित थे। डेनमार्क की ओर से सुश्री मारिया स्कू और डॉ. लुइस बोइज़ेन ने भी इस संगोष्ठी में भाग लिया।

अपने मुख्य संबोधन में मध्यप्रदेश मुख्य न्यायाधीश श्री संजीव सचदेवा ने कहा कि कानून को लगातार बदलती डिजिटल दुनिया की मांगों के अनुरूप विकसित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी केवल एक साधन नहीं है, बल्कि यह वाणिज्य, मध्यस्थता और न्याय को रूपांतरित करने वाली शक्ति है। नवाचार को जिम्मेदारी, निष्पक्षता और पहुंच के साथ आगे बढ़ाना चाहिए। न्यायमूर्ति सचदेवा ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की प्रतिबद्धता को दोहराया कि न्याय प्रणाली को लचीला, समावेशी और तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जाएगा।




अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरूआत रविवार को तकनीकी सत्र–4 "विवाद समाधान कानूनः भारत और यूरोपीय संघ के दृष्टिकोण" से हुई। इस सत्र में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री जितेन्द्र कुमार महेश्वरी ने अपने महत्वपूर्ण विचार रखें।

सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया श्री तुषार मेहता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एवं परियोजनाएँ, डैनिश पेटेंट और ट्रेडमार्क कार्यालय के वरिष्ठ सलाहकार श्री मैटियास कार्लसन डिनेट्ज़ ने संतुलित और कुशल मध्यस्थता व्यवस्था के निर्माण पर अपने दृष्टिकोण साझा किए।

अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के तकनीकी सत्र–5 "ऑनलाइन अवैध गतिविधियों का आपराधिक प्रवर्तन" विषय पर आयोजित हुआ। इस सत्र की अध्यक्षता रीजनल कोर्ट ऑफ़ डिमित्रोवग्राड बुल्गारिया के न्यायाधीश श्री पेत्र पेत्रोव ने की। इस सत्र में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं चेयर प्रोफेसर श्री सिद्धार्थ लुथरा, (के.एल. अरोड़ा चेयर, एनएलयू दिल्ली) और प्रीसॉल्व360 की संस्थापक सुश्री नमिता शाह ने सीमा-पार साइबर अपराध और डिजिटल साक्ष्य से संबंधित समकालीन चुनौतियों पर गहन चर्चा की।

दोपहर बाद "बौद्धिक संपदा और नवाचार" विषय पर आयोजित तकनीकी सत्र–6 में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री संजीव सचदेवा, डैनिश पेटेंट और ट्रेडमार्क कार्यालय की उप महानिदेशक सुश्री मारिया स्कू, और रॉयल डेनिश एम्बेसी के आईपी काउंसलर डॉ. लुइस बोइज़ेन ने वैश्विक आईपी रुझानों, नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र और भारत और यूरोपीय संघ के बीच सहयोगात्मक ढांचे पर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श किया।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय न्यायिक डिजिटलीकरण और नागरिक-केंद्रित नवाचार में मानक स्थापित करता रहा है। न्याय वितरण प्रणाली में दक्षता, पारदर्शिता और पहुंच बढ़ाने के लिए कई नए आईटी प्रयासों का शनिवार को उद्घाटन किया गया। इनमें ऑनलाइन इंटर्नशिप फॉर्म सबमिशन सॉफ़्टवेयर, केस डायरी का ऑनलाइन संचार प्रणाली, और "समाधान आपके द्वार" जैसी पहलें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त गत 4 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश द्वारा विकसित MACT पोर्टल का शुभारंभ किया गया। यह पोर्टल दावों के कुशल ऑनलाइन प्रबंधन और समय पर मुआवजा वितरण सुनिश्चित करता है, जिससे न्याय दूरदराज़ क्षेत्रों तक पहुँचता है। मुख्य न्यायाधीश के मार्गदर्शन में न्यायपालिका में अत्याधुनिक तकनीक के एकीकरण से डिजिटल साक्ष्य विश्लेषण, वर्चुअल अदालतें और डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली जैसी नवाचारों के माध्यम से न्याय वितरण प्रणाली की दक्षता, पहुंच और सटीकता में महत्वपूर्ण परिवर्तन की संभावना है। दो-दिवसीय संगोष्ठी का समापन सभी गणमान्य व्यक्तियों, संसाधन व्यक्तियों, न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और विधि छात्रों के प्रति आभार व्यक्त करने और वैश्विक संदर्भ में कानून, नवाचार और प्रौद्योगिकी पर संवाद जारी रखने के संकल्प के साथ हुआ।

# जाल में फंसी 'अफीम वाली कार', दो गिरफ्तार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। द्वारकापुरी थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने शनिवार देर रात चेकिंग के दौरान एक कार से 463 ग्राम अवैध अफीम बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 4 लाख रुपये आंकी गई है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।**

द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार, नियमित गश्त और चेकिंग अभियान के तहत फूटी कोठी चौराहे पर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध कार को रुकने का इशारा किया गया। कार की तलाशी लेने पर उसमें सवार दो व्यक्तियों के पास से यह मादक पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत दोनों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अशोक शर्मा, निवासी विदुर नगर, और कमल पटेल, निवासी सैटेलाइट कॉलोनी बिजलपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से 463 ग्राम अफीम और तस्करी में इस्तेमाल हो रही कार को जब्त कर लिया है। जब्त की गई अफीम और कार की कुल कीमत लगभग 13 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और अब उन्हें कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि रिमांड के दौरान आरोपियों से यह पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि वे अफीम की यह खेप कहाँ से लाए थे और इंदौर में इसे किसे सप्लाई करने वाले थे, ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचा जा सके।

# इंदौर में निकला बाल पथ संचलन, 34 केंद्रों से एक साथ निकले स्वयंसेवक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। रविवार सुबह बाल पथ संचलन निकाला गया। शहर के अलग-अलग इलाकों में 40 जगहों से संचलन निकाला गया है। इसमें बीस हजार से अधिक बाल स्वयं सेवक शामिल हुए हैं। अभी कई जगह पथ संचलन जारी है। सभी ने महानगर के प्रमुख मार्गों पर लगभग 90 किलोमीटर तक कदमताल किया। अलग-अलग स्थानों पर निकाले गए पथ संचलन के दौरान बाल स्वयंसेवकों का फूल बरसाकर स्वागत किया गया। इंदौर में 5 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (RSS) का अलग-अलग इलाकों में पथ संचलन निकला था। शहर के भंवरकुआ, चिमनबाग, बंगाली चौराहा और संगम नगर में हजारों की संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए। पथ संचलन का जगह-जगह स्वागत हुआ। वहीं राजीव आवास विहार स्कीम नं 114 निरंजनपुर में निकले पथ संचलन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए। यहां बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं ने पुष्पवर्षा की थी। जिला बद्रीनाथ, विश्वकर्मा नगर से भी विशाल पथ संचलन निकाला गया। इसमें में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय समेत बड़ी संख्या में सीनियर और जूनियर स्वयं सेवकों ने भाग लिया था। इस अवसर पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा था कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को तुष्टिकरण, वोट बैंक से कोई मतलब नहीं है। उनको राष्ट्र भक्ति और राष्ट्र प्रथम के साथ चलना है। पथ संचलन में विजयवर्गीय परिवार की तीन पीढ़ियां एकसाथ कदमताल करती हुई नजर आई थी।



# महिला के गले से मंगलसूत्र लूटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जियनगर इलाके में बदमाशों ने एक महिला के गले से मंगलसूत्र लूट लिया और बाइक से फरार हो गए। पूरी वारदात कैमरे में कैद हो गई है। शनिवार को इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की और अब बदमाशों की तलाश हुलिए और बाइक के आधार पर की जा रही है। विजयनगर पुलिस के मुताबिक, घटना रात करीब 11:30 बजे की है। विमला पटेल अपने पति और बच्चों के साथ मार्केट गई थीं। वह स्कूटर चला रही थीं, जबकि उनके पति बच्चों के साथ दूसरी बाइक पर थे। जब वह रोबोट चौराहे के पास मुड़ रही थीं, तभी पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके गले से मंगलसूत्र तोड़ लिया। मंगलसूत्र में सोने का लॉकेट और मोती लगे थे। विमला के मुताबिक, उन्होंने मदद के लिए शोर मचाया, लेकिन तब तक बदमाश भाग चुके थे। पीछे बैठे आरोपी ने हेलमेट पहना हुआ था। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और महिला के आने-जाने के रास्ते की जानकारी ली। जांच में एक वीडियो मिला है जिसमें दो बाइक सवार संदिग्ध रेकी करते दिखाई दे रहे हैं।

# किसानों की खुशहाली ही हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### अन्नदाताओं ने भव्य रैली निकालकर अहिल्या माता की नगरी को किया धन्य

● देपालपुर, इंदौर और उज्जैन में किसानों के साथ जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए लागू की गई भावांतर योजना के लिए इंदौर जिले के देपालपुर और उज्जैन के किसानों ने रविवार को भव्य ट्रैक्टर रैली निकालकर राज्य सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार माना। ट्रैक्टर रैली में हजारों की संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों के किसान इंदौर के सुपर कॉरिडोर में एकत्रित हुए, जहां मुख्यमंत्री डॉ. यादव का किसानों के हित में लिये गये निर्णय के लिये आभार व्यक्त किया गया।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव श्योपुर जिले से किसान रैली में वर्चुअली शामिल हुए और किसानों के स्नेहपूर्ण आभार प्रदर्शन के प्रति कृतज्ञता जाहिर की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की खुशहाली ही हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। भावांतर योजना के माध्यम से हमने यह सुनिश्चित किया है कि किसानों को उनकी फसल का पूरा मूल्य मिले। बाजार में यदि दाम घटते भी हैं तो सरकार किसानों की आय में कोई कमी नहीं आने देगी। किसानों के चेहरे पर लौटती मुस्कान हमारे प्रयासों की सफलता का प्रमाण है।

### भावांतर योजना किसानों की आर्थिक सुरक्षा का है कवच

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज इंदौर में चारों तरफ ट्रैक्टर नजर आ रहे है। अन्नदाताओं ने भव्य रैली निकालकर माता अहिल्या की नगरी को धन्य कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिये निरंतर कार्य कर रही है। सिंचाई, बीज, खाद, भंडारण और विपणन की व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाया जा रहा है, जिससे कृषि एक लाभकारी व्यवसाय बन सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भावांतर योजना केवल एक भुगतान व्यवस्था नहीं, बल्कि किसानों की आर्थिक सुरक्षा का कवच है।

### किसानों को उनकी मेहनत और हक का दिलाया जायेगा पूरा पैसा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि सोयाबीन के एमएसपी दर में 500 रूपये की वृद्धि कर 5328 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। किसानों की सुविधा के लिये पूरे प्रदेश में लगभग 1700 पंजीयन केन्द्र बनाये गये हैं। इसमें अब तक 5 लाख से अधिक किसानों ने अपनी फसल का पंजीयन कराया है। अकेले इंदौर जिले में ही अब तक 35 हजार से अधिक किसानों ने सोयाबीन फसल के लिये अपना पंजीयन कराया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर रखी गई है। किसानों को फसल बेचने के 15 दिवस के भीतर राशि वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। सभी किसानों को उनकी मेहनत और हक का पूरा पैसा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि प्रदेश के किसान इस योजना का लाभ उठा रहे हैं और खुश हैं। किसानों के चेहरे पर मुस्कान देखना ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

देपालपुर के ग्राम बरोदापंथ के किसान श्री संदीप पटेल और श्री रतन पटेल ने कहा कि "पहले हमें अपनी उपज औने-पौने दामों पर बेचनी पड़ती थी, लेकिन अब भावांतर की वजह से हमें उचित भाव मिलना सुनिश्चित हुआ है, इससे हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। हम मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हैं।

ग्राम लिम्बोदापार के किसान श्री हरिराम चौहान और दिनेश शर्मा ने कहा कि "भावांतर योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। सरकार ने सही समय पर मदद की है। इस योजना से खेती फिर से लाभ का सौदा बन रही है।" उन्होंने बताया कि उन्होंने 70 बीघा पर सोयाबीन की बोवनी की है और भावांतर योजना में अपना पंजीयन भी करा लिया है।

## धीरेंद्र शास्त्री बोले-

# हम बकरीद-ताजिए पर ज्ञान नहीं देते : पटाखे फोड़ेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर के बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा - दिवाली पर पटाखों को लेकर ज्ञान न पेलें। हम न बकरीद पर ज्ञान देते हैं, न ताजिए पर। इसलिए हमें ज्ञान न पेलें। यह हमारी परंपरा है, और हम इसे निभाएंगे।

दरअसल, शनिवार को धीरेंद्र शास्त्री मुंबई में सिद्धि विनायक गणेश मंदिर दर्शन करने पहुंचे। यहां मीडिया से बात करते हुए किसी ने उनसे दिवाली पर पटाखों से प्रदूषण होने और बॉलीवुड अभिनेताओं द्वारा पटाखे न फोड़ने की अपील को लेकर सवाल किया। इसी को लेकर धीरेंद्र शास्त्री ने ज्ञान न देने की बात कही। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि प्रदूषण एक गंभीर विषय है, लेकिन यह मुद्दा केवल हिंदू त्योहारों के समय ही क्यों उठाया जाता है। अभिनेताओं से सभी धर्मों के पर्वों को समान दृष्टि से देखने और ज्ञान न देने की अपील है। त्योहारों का मकसद खुशी, शांति और आपसी भाईचारे को बढ़ाना होना चाहिए। धर्म चाहे कोई भी हो, सभी को एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए।



### 'आई लव मुहम्मद गलत नहीं....'

धीरेंद्र शास्त्री ने आई लव मुहम्मद को लेकर कहा, अगर कोई 'आई लव मुहम्मद' बोलता है तो वह गलत नहीं है। वैसे ही अगर कोई 'आई लव महादेव' कहता है तो वह भी बुरा नहीं है। हर किसी को अपने धर्म से प्रेम करने का अधिकार है और इसका सम्मान होना चाहिए, लेकिन सिर तन से जुदा जैसे नारे और विचार न तो हिंदू समाज सहन करेगा और न ही भारत का कानून। अगर कोई छेड़ेगा तो छोड़ा नहीं जाएगा।

## डीएसपी के साले की हत्या के आरोपी आरक्षकों को भेजा जेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राजधानी भोपाल के पिपलानी थाने में पदस्थ दो आरक्षकों द्वारा एक इंजीनियर युवक की पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में पुलिस फिर पक्षपात करते हुए दिख रही है। पिपलानी थाना पुलिस ने पहले दोनों आरक्षकों द्वारा हत्या किए जाने की घटना से नकारते हुए गिरने से आई चोट में मौत होना बता रही थी। मुख्यमंत्री और डीजीपी की सख्ती के बाद आरक्षकों पर हत्या का प्रकरण तो दर्ज कर लिया गया है, लेकिन एम्स के पांच डॉक्टरों द्वारा किए गए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट को लेकर पिपलानी पुलिस ने कुछ सवाल उठाए हैं। आरक्षकों को रविवार को दोपहर बाद जिला न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों को भोपाल केंद्रीय जेल भेज दिया गया।

# हाईवे पर 'अवैध वसूली' कर रहे RTO के भगोड़े अफसर!

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में 'RTO' के नाम पर हाईवे पर 'अवैध चेकिंग प्वाइंट' बनाकर विभाग के अधिकारी-कर्मचारी किस कदर 'वसूली' कर रहे हैं, इसका एक लाइव वीडियो सामने आया है। एक ब्लॉगर और ट्रक ड्राइवर ने सागर के 'गुड़ा फाटक NH' पर 'फर्जी चेक पोस्ट' पर तैनात आरटीओ कर्मचारियों की लूट का खुलासा किया तो RTO लिखी गाड़ी में बैठकर 'वसूली अधिकारी' उल्टे पैर भाग खड़े हुए।

नेशनल हाईवे 44 सागर के गुड़ा फाटक पर वाहन चेकिंग के नाम पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (RTO) के अमले द्वारा अवैध वसूली किए जाने के गंभीर आरोपों ने हड़कंप मचा दिया है। एक ट्रक ड्राइवर जो ब्लॉगर भी है, उसके द्वारा मौके पर वीडियो बनाए जाने के बाद चेकिंग कर रहे अधिकारी सवालों का जवाब नहीं दे पाए और उल्टे पैर भाग खड़े हुए। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# दो बूंद जिंदगी की, दो बूंद स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण की : डॉ. यादव



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार की सुबह मुख्यमंत्री निवास में तीन दिवसीय (12 से 14 अक्टूबर) पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 12 छोटे बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो-दो बूंदें पिलाकर टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सभी हर बार अपने छोटे बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाते रहे, तभी पोलियो के विरुद्ध हमारी जीत आगे भी जारी रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पोलियो की दो बूंदें न सिर्फ किसी बच्चे को जीवनभर के लिए सुरक्षित करती हैं, बल्कि यह एक स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण की नींव भी हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा पोलियो रोधी खुराक पीने से वंचित न रह जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पोलियो जैसी बीमारी एक बच्चे को आजीवन पराश्रित बना सकती है, इसलिए इसका पूर्णतः उन्मूलन हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 18 जिलों में चलाए जा रहे इस तीन दिवसीय अभियान में 64 हजार से अधिक वैक्सीनेटर्स 24 हजार से अधिक पल्स पोलियो बूथों के माध्यम से दवा पिलायेंगे।

# शिवराज बोले- सफेद पाउडर युवाओं की जिंदगी बर्बाद कर रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**विदिशा, एजेंसी।** विदिशा में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि नशा पीढ़ियां खराब करता है। गंजबासौदा में सफेद पाउडर का नशा युवाओं की जिंदगी बर्बाद कर रहा है। इसे रोकना सिर्फ सरकार का काम नहीं, बल्कि समाजसेवियों और नागरिकों को भी आगे आना होगा। जब समाज जागेगा, तभी नशे का यह जहर रुकेगा।

केंद्रीय कृषि मंत्री रविवार को अपना घर आश्रम की द्वितीय वर्षगांठ पर विशेष सेवा समर्पण कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी धर्मपत्नी साधना सिंह के साथ पहुंचे। साथ ही विधायक मुकेश टंडन, भाजपा पदाधिकारी और कई अन्य जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल हुए। नशे पर चिंता जाहिर करते हुए शिवराज सिंह ने कहा मन को बेचैन करता है। मुझे लगता है एक बार सबको बताऊं। मैं भी आपमें से ही एक हूं। यह काम सरकारी नहीं है सरकार कर भी नहीं सकती इसलिए समाज को भी करना चाहिए। विदिशा में समाजसेवियों की कमीं नहीं है, हम एक आदर्श बना सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान, मंत्री शिवराज सिंह चौहान और साधना सिंह ने आश्रम में रह रहे लोगों को भोजन परोसा। उन्होंने निवासियों से संवाद किया और उनकी जरूरतों व सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

# सीएम के रोड शो में भाजपा नेता समेत 25 की जेब कटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**श्योपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने श्योपुर से लाड़ली बहना योजना को तहत प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख महिलाओं के खातों में 1541 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए है। योजना की 29वीं किस्त के तहत लाड़ली बहनों को 1250 रुपए के हिसाब पैसे मिले हैं। सीएम ने ऐलान किया कि आज के बाद से मतलब आने वाली किस्त 1500 रुपए की होगी। सीएम ने कहा कि बहनों के लिए सरकार के पास पैसों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस कहती थी ये योजना बंद हो जाएगी। हम पैसे दे रहे हैं, कांग्रेस वालों आंखें हो तो देख लो। इधर, सीएम के कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला मंत्री समेत करीब 25 लोगों की जेब कट गई। जेबकतरों ने 2 लाख से ज्यादा रुपए चोरी कर लिए। जेब कटने की घटना का वीडियो भी सामने आया है।

## संपादकीय

# अजरबैजान ने सीआईसीए फोरम भारत में करने के प्रस्ताव का किया समर्थन

अजरबैजान को पाकिस्तान का रणनीतिक सहयोगी माना जाता रहा है। लेकिन, धीरे-धीरे इसने भारत पर भरोसा करना शुरु कर दिया है। अब तो अजरबैजान ऐसे कदम उठाने लगा है, जो चीन की चालबाजियों के लिए भी बड़ा झटका माना जा रहा है और पाकिस्तान के पैरों के नीचे से जमीन खिसकनी तो है ही। अभी अजरबैजान कॉन्फ्रेंस ऑन इंटरैक्शन एंड कॉन्फिडेंस बिल्डिंग मेजर्स इन एशिया की अध्यक्षता कर रहा है। लेकिन, 2026 में इसने भारत में इसके फोरम आयोजित किए जाने का समर्थन करके चीन को बहुत बड़ा रेड सिंग्नल दे दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार अजरबैजान अगला सीआईसीए फोरम भारत में करने के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए तैयार है। भारत में यह सीआईसीए का पहला सम्मेलन होगा। पिछले दशकों में चीन एक तरह से सीआईसीए फोरम का अगुवा बना रहा है और परंपरागत तौर पर वही इसकी अध्यक्षता करता आया है। लेकिन, इस समय इसकी अध्यक्षता बाकू के पास है, जिसने भारत में इसका अगला सम्मेलन आयोजित करने पर सहमति देकर इस क्षेत्र की जियोपॉलिटिक्स में बदलाव का बहुत बड़ा रास्ता दिखा दिया है। जानकारी के मुताबिक अजरबैजान ने जो फैसला किया है, वह सीआईसीए फोरम के अध्यक्ष होने के नाते उसका विशेषाधिकार है और यह आम सहमति पर आधारित नहीं है। अब तक पाकिस्तान के करीब दिखने वाले अजरबैजान की नीतियों में यह बहुत बड़ा बदलाव माना जा सकता है। खासकर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान यह तुर्की की तरह पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखा था। भारत इस सम्मेलन का आयोजन विदेश मंत्रालय के इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स की तहत करेगा। नूतन कपूर महवार की अगुवाई में इसका एक प्रतिनिधिमंडिल 9-10 सितंबर तक सीआईसीए फोरम की बैठक में शामिल भी हो आया है। दरअसल, हाल में अजरबैजान की भारत को लेकर नीतियों में स्पष्ट बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। भारत के लिए अच्छी बात यह है कि ये हमारी तरह ही एक धर्मनिरपेक्ष देश है और इजरायल का सहयोगी भी। इसने सीमा पार से अपराध और कच्चे तेल के मामले में पहले से ही भारत का सहयोग किया है। लेकिन, जिस तरह से चीन ने इसे शंघाई सहयोग संगठन में शामिल होने का प्रलोभन दे रखा है, उसके बावजूद उसने सीआईसीए फोरम में ड्रैगन के दबदबे को नकारने की कोशिश की है, यह भारत की एक बड़ी कूटनीतिक जीत मानी जा सकती है।

## OSHO कहिन

"खुशी आपके वर्तमान में जीने का परिणाम है।"



## सैर सपाटा

# जंगली-जानवर देखने का शौक है तो पहुंच जाएं राजस्थान के इस नेशनल पार्क में

### केन्या के मसाई मारा से होती है तुलना

जंगली-जानवर देखने का शौक रहता है। लेकिन जिस भी नेशनल पार्क में जाते हैं तो केवल हिरन और बंदर देखकर लौट आते हैं। अब हर किसी का बजट साउथ अफ्रीका और केन्या जाने का तो होता नहीं। जहां पर वो मसाई मारा जैसे नेशनल पार्क में जाएं और जंगली जानवरों को देख पाएं। लेकिन इस ख्वाहिश को आसानी से पूरा किया जा सकता है राजस्थान के जवाई नेशनल पार्क में, जहां पर तेंदुआ, मगरमच्छ जैसे जंगली जीव खुले में घूमते दिख जाएंगे और आपको यहां पर और भी सैर के सुंदर नजारे देखने को मिलेंगे।



### जवाई नेशनल पार्क

जवाई नेशनल पार्क दरअसल, एक तेंदुआ संरक्षण रिजर्व सेंटर है जो राजस्थान के पाली जिले में बना हुआ है। यहां पर तेंदुआ की काफी ज्यादा आबादी है जो रहती है। बता दें कि जवाई बांध भी है। जहां पर ये नेशनल पार्क बना हुआ है। 60 किलोमीटर एरिया में फैले इस नेशनल पार्क में 16 गांव बसे हैं। जहां पर तेंदुआ और ग्रामीण साथ में बसते हैं। तेंदुआ और दूसरे जंगली जानवरों को देखने के लिए यहां पर सफारी आराम से मिल जाती है। जिसके जरिए आप इन जानवरों को प्राकृतिक रूप में देख सकते हैं।

### और भी वन्यजीव दिख जाएंगे

तेंदुआ की अलग-अलग प्रजाति के अलावा जंगली बिल्ली, भेड़िया, सियार और धारीदार लकड़बग्घे भी रहते हैं। जो किस्मतवालों को दिख जाते हैं। इसके अलावा यहां 100 से ज्यादा वैराइटी के प्रवासी और लोकल पक्षी भी देखने को मिलते हैं। कुल मिलाकर ये जगह जंगली जानवरों को देखने के शौकीन लोगों के लिए जन्नत से कम नही है। तो अगली बार जंगल सफारी का लुत्फ उठाना है तो राजस्थान के नेशनल पार्क में जरूर चले जाएं। जहां पर ग्रेनाइट की पहाड़ियों के सुंदर नजारों के बीच वाइल्ड लाइफ का करीब से दीदार होता है।

### कैसे पहुंचे

जवाई तक पहुंचने के कई रास्ते हैं और ये पूरी तरह से शहरों से कनेक्टेड है। उदयपुर या जयपुर एयरपोर्ट से यहां प्राइवेट साधन के जरिए पहुंचा जा सकता है। नजदीकी एयरपोर्ट उदयपुर है जो करीब 150 किमी दूर है।

वहीं मात्र 4 किमी की दूरी पर मोरी बेरा रेलवे स्टेन है। जो जयपुर, दिल्ली, मुंबई से कनेक्टेड है।

### किस मौसम में जाएं

राजस्थान में गर्मी का मौसम काफी गर्म और रातें सर्द होती है। इसलिए सर्दियों की खुली धूप में दिन में तेंदुओं के दिखने की संभावना ज्यादा रहती है। इसके अलावा ठंड में यहां प्रवासी पक्षी भी देखने को मिल जाते हैं। तो यहां पर सर्दियों के मौसम में जाना अच्छा हो सकता है।

Chennai

# ED: कफ सिरप से बच्चों की मौत के मामले में बड़ी कार्रवाई ईडी ने श्रीसन फार्मा के सात ठिकानों पर की छापेमारी

**चेन्नई, (एजेंसी)** कोल्ड्रिफ कफ सिरप से कई बच्चों की मौत के मामले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए श्रीसन फार्मा के चेन्नई स्थित ठिकानों और तमिलनाडु ड्रग कंट्रोल विभाग के अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई है। जिन ठिकानों पर छापेमारी की गई है, उनमें तमिलनाडु औषधि नियंत्रण कार्यालय (ड्रग कंट्रोल विभाग) के शीर्ष अधिकारियों के आवास भी शामिल हैं।

कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने की वजह से मध्य प्रदेश राजस्थान में हाल के दिनों में 20 से ज्यादा बच्चों की मौत हुई है। मौत होने की वजह किडनी खराब होना रहा। श्रीसन फार्मा कंपनी द्वारा ही कोल्ड्रिफ कफ सिरप का उत्पादन किया जाता है। इस मामले में कंपनी के मालिक 73 वर्षीय जी रंगनाथन को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की जांच में कंपनी और तमिलनाडु खाद्य एवं औषधि प्रशासन (टीएनएफडीए), दोनों के द्वारा तय मानकों के उल्लंघन का खुलासा किया। जिसमें खराब बुनियादी ढांचा और बार-बार सुरक्षा चूक का पता चला। कांचीपुरम स्थित श्रीसन फार्मा ने अपने खराब बुनियादी ढांचे और राष्ट्रीय औषधि सुरक्षा नियमों के कई उल्लंघनों के बावजूद एक दशक से अधिक समय तक बिना किसी रोक-टोक के परिचालन जारी रखा।




New Delhi

# रेल पटरियों पर नशे का धुआं, ट्रेनों से हो रही गांजा तस्करी

● दो महीने में बरामद हुआ पौने दो करोड़ का नशा

**नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली में ट्रेनों के जरिये गांजा तस्करी का काला कारोबार एक गंभीर समस्या बन गया है। ये अंतरराज्यीय तस्करी सिंडिकेट राजधानी एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनों को तस्करी का जरिया बना रहे हैं। पिछले दो महीनों में रेलवे स्टेशन से आरपीएफ, ड्रग्स कंट्रोल विभाग व दिल्ली पुलिस ने करीब ढाई क्विंटल गांजा बरामद किया है। इसकी बाजार की कीमत लगभग पौने दो करोड़ रुपये से ज्यादा है। सुरक्षा एजेंसियों की लगातार कार्रवाई के बावजूद ऐसे मामले लगातार सामने आ रहे हैं।**

तस्करों के नेटवर्क को तोड़ने के लिए एनसीबी और रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) के बीच संवेदनशील ट्रेनों, रूट्स और स्टेशनों (जैसे राजधानी एक्सप्रेस जैसी तेज गति वाली ट्रेनें) पर निगरानी बढ़ाने के लिए जानकारी भी साझा की जाएगी। रेलवे स्टेशन पर स्कैनर की संख्या बढ़ाने पर भी काम किया जा रहा है।

यह तस्कर मुख्य रूप से ओडिशा, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और पूर्वोत्तर राज्यों जैसे गुवाहाटी व डिब्रूगढ़ से उच्च गुणवत्ता वाला गांजा लाकर दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई करने की फिराक में थे। इन आरोपियों ने राजधानी एक्सप्रेस जैसी मुख्य ट्रेनों को तस्करी करने का माध्यम बना लिया है। पिछले दिनों करीब चार बार राजधानी एक्सप्रेस से ही गांजे की बड़ी खेप बरामद की गई है। ऐसे मामलों में कमी लाने के लिए ट्रेनों और स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक बोर्डों के माध्यम से एंटी-ड्रग मैसेज और मानस हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित किए जाएंगे।

Tripura

## 14 महीने की बच्ची का रेप, हत्या कर दफनाया, त्रिपुरा में दिल दहलादेने वाली वारदात, असम से जयनलुद्दीन अरेस्ट

**अगरतला, (एजेंसी)** त्रिपुरा में एक जघन्य अपराध ने सभी को सदमे में डाल दिया है। पुलिस के अनुसार, एक 14 महीने की बच्ची के साथ कथित तौर पर उसके नाना ने बलात्कार किया, उसकी हत्या कर दी और फिर उसे दफना दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान जयनल उद्दीन (44) के रूप में हुई है, जिसे रविवार को त्रिपुरा पुलिस की एक टीम ने असम के श्रीभूमि (पहले करीमगंज) के नीलम बाजार से गिरफ्तार किया और उसे वापस त्रिपुरा लाया गया है। घटना शनिवार रात उस वक्त हुई, जब बच्ची अपनी मां के साथ अपने मामा के घर गई हुई थी। पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) राहुल बलहारा ने बताया कि शनिवार रात करीब आठ बजे बच्ची के परिवार वालों ने शोर मचाया, क्योंकि बच्ची को उसके नाना अपने साथ ले गए थे और वह कई घंटों तक वापस नहीं लौटी। इसके बाद पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से तलाशी अभियान शुरू किया। एसडीपीओ और पनीसागर पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी आधी रात को मौके पर पहुंचे, और तलाशी के बाद उन्होंने पीड़िता के घर के पास नई खोदी गई मिट्टी का एक टुकड़ा देखा। एसडीपीओ बलहारा ने मीडिया को बताया कि संदेह के आधार पर हमने घटनास्थल पर खुदाई की, जिसके बाद बच्चे का शव मिला।

Paschim bangal

# ममता बोलीं- लड़कियों को रात में बाहर नहीं घूमना चाहिए

**कोलकाता, (एजेंसी) पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से गैंगरेप की घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को रात में बाहर नहीं घूमना चाहिए। खासकर सुनसान इलाकों में सतर्क रहना चाहिए।**

उन्होंने कहा– इस घटना की पूरी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की है। निजी कॉलेजों को छात्राओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पुलिस को कड़ी से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। किसी को बख्शा नहीं जाएगा, तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। दरअसल, दुर्गापुर रेप केस पर भाजपा और अन्य विरोधी पार्टियां ममता सरकार पर सवाल उठा रही हैं। ओडिशा के सीएम ने भी बंगाल की सीएम से सख्त कार्रवाई करने की मांग की जिसके बाद ममता बनर्जी ने यह बयान दिया है।



खेल

# ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड कप 2025 में भारत को दिया 'गहरा जख्म', चेज किया वनडे इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 में भारत को 'गहरा जख्म' देते हुए तीन विकेट से जीत हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने विशाखापट्टनम में छह गेंद बाकी रहते 331 का टारगेट चेज कर नया कीर्तिमान रच डाला। ऑस्ट्रेलिया ने महिला वनडे इतिहास का सबसे बड़ा टारगेट चेज किया है। आस्ट्रेलियाई टीम ने महिला वनडे में पहली बार 300 प्लस के लक्ष्य हासिल किया। महिला वर्ल्ड कप में इससे पहले सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड भी आस्ट्रेलिया के नाम था। ऑस्ट्रेलिया ने 2022 में भारत के खिलाफ आकलैंड में 278 रन का लक्ष्य हासिल किया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान एलिसा हीली ने शानदार शतकीय पारी खेली। उन्होंने 107 गेंदों में 21 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 147 रन बनाए। वह प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं। ऑस्ट्रेलिया ने टूर्नामेंट में चार मैचों तीसरी जीत दर्ज की है।



उसका एक मैच बारिश की भेंट चढ़ा। वहीं, हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को लगातार दूसरी हार झेलनी पड़ी है।

हीली ने मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने फोएबे लिचफील्ड (39 गेंदों में 40) के साथ पहले विकेट के लिए 85 रनों की साझेदारी की। बेथ मूनी (4) का बल्ला नहीं चला जबकि एनाबेल सदरलैंड का खाता नहीं खुला। हीली ने एशले गार्डनर (46 गेंदों में 45) के संग 95 रनों की पार्टनरशिप की। हीली जब 39वें ओवर में आउट हुईं तब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 265/4 था। एलिस पैरी (52 गेंदों में नाबाद 47) ने चोट के कारण मैदान छोड़ने के बाद वापसी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया को आखिरी दो ओवर में 13 रन की जरूरत थी लेकिन पैरी और किम गार्थ (13 गेंदों में नाबाद 14) ने स्नेह राणा द्वारा डाले गए 49वें ओवर में भारत से जीत ली। गार्थ ने दूसरी गेंद पर चौका लगाया और तीसरी पर सिंगल निकाला। पैरी ने चौथी गेंद पर और गार्थ ने पांचवीं गेंद पर एक रन बनाया। पैरी फिर स्ट्राइक पर आईं और उन्होंने छक्का लगाकर ऑस्ट्रेलिया की जीत की नैया पार लगाई। भारत की ओर से श्री चरणी ने तीन, दीप्ति शर्मा और अमनजोत कौर ने दो-दो विकेट झटके।

महिला वनडे में सफलतापूर्वक हासिल किए गए सबसे बड़े टारगेट

331 - ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत, विशाखापट्टनम, 2025 वर्ल्ड कप

302 - श्रीलंका बनाम दक्षिण अफ्रीका, पोटचेफस्ट्रूम, 2024

289 - ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड, नॉर्थ सिडनी, 2012

283 - ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत, वानखेड़े, 2023

282 - ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत, न्यू चंडीगढ़, 2025

ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी थी। पहली बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम 48.5 ओवर में 330 रन पर ऑलआउट हुई।

सिनेमा

# 'सलमान खान से डरते हैं लोग, इंडस्ट्री में मेरे साथ नहीं हुई बदतमीजी', बोलीं एली अवराम



बॉलीवुड डीवा एली अवराम रियलिटी शो बिग बॉस 7 में नजर आई थीं. सलमान खान के शो से उन्हें इंडिया में लाइमलाइट मिली. वो अपने सीजन की हाईलाइट रही थीं. सलमान खान संग उनका बॉन्ड लोगों को पसंद आया था. आज भी दबंग खान संग एली के अच्छे रिलेशन हैं. एक्ट्रेस ने हालिया इंटरव्यू में सलमान खान की तारीफ की है. एली का कहना है सलमान की वजह से इंडस्ट्री में उनके साथ किसी ने बदतमीजी नहीं की है. स्क्रीन संग बातचीत में एक्ट्रेस ने कहा- मैं सलमान खन के कॉन्टैक्ट में हूं. हाल ही में कई सालों बाद गणपति सेलिब्रेशन के मौके पर मेरी उनसे मुलाकात हुई थी. मैं किसी के साथ कॉन्टैक्ट बनाए रखने में बेहद खराब हूं. मैं अपनी ही दुनिया में रहती हूं और अपनी चीजों पर ही फोकस करती हूं. मैं खुद पर बहुत काम करती हूं. बहुत सारी चीजें होती हैं जिन्हें आपको कंट्रोल करने की जरूरत होती है. क्योंकि आप अलग देश में रहते हो तो वहां की चीजों को ध्यान में रखना पड़ता है. खासतौर पर तब जब आप अकेले रहते हो. एली ने माना कि वो शायद ही कभी किसी से, यहां तक कि अपने पिता से भी मदद मांगती हैं.

## Highlights

1. Man says 'B'luru has the worst roads'; Ex-Infosys CFO Pai reacts
2. Video of MNS worker slapping woman goes viral on internet
3. Bengaluru police arrest seven in ₹1.52 crore robbery case
4. ED probes Sabarimala gold theft case, board officials accused
5. Startup India and DPIIT sign MoU with Primus Partners
6. What is Muhurat Trading and when is it scheduled this Diwali?

# Gold price rallies to a record as US-China tariff war concerns boost safe-haven demand

**NEW DEIHI, (Agency).** Silver swung near a record as an historic short squeeze in London and US-China trade tensions roiled the market, while gold set a new peak. Elsewhere, fears over potential White House tariffs on gold's precious metal peers drove platinum and palladium sharply higher.

Silver rose as much as 1.1% to approach $51 an ounce, while platinum and palladium were both up more than 2%. Gold set a record above $4,060 an ounce, after notching an eighth straight weekly gain on Friday.

Precious metals have surged this year, with the complex's main quartet of members surging between 50% and 80%, in a rally that's dominated commodity markets. Gold's advance has been underpinned by central-bank buying, rising holdings in exchange-traded funds, and rate cuts by the Federal Reserve. Demand for havens has also been aided by recurrent US-China trade tensions, threats to the Fed's independence, and a US government shutdown.

On Sunday, China urged



Washington to halt tariff threats and return to negotiations, warning it would retaliate if the US pressed ahead with new measures. US President Donald Trump — who had threatened an additional 100% tariff on Chinese goods last week — struck a more conciliatory tone in remarks at the weekend.

"It seems just when geopolitical and trade risks were diminishing tailwinds for gold, we've got this flare up in US-China tensions," said Kyle Rodda, an analyst at Capital.com. Despite both sides' openness to further negotiations, "trade volatility may go silent but it never disappears. That's a really good thing for gold."

Traders remain on edge ahead of the conclusion of the US administration's so-called Section 232 investigation into critical minerals — which includes silver, platinum and palladium. Fears that the metals could be swept up in Trump's levies have exacerbated market tightness, partly laying the foundations for the squeeze in silver following a massive drawdown of freely available supplies in London.

Concerns about a lack of liquidity in London drove silver closer to a $52.50 an ounce record from 1980 — set on a now-defunct contract on the Chicago Board of Trade exchange. Benchmark prices in London have soared to near-unprecedented levels over New York, prompting some traders to book slots in the cargo holds of transatlantic flights for silver bars — an expensive mode of transport typically reserved for more valuable gold — to profit off the massive premiums in London.

# Tata Capital share price gets a muted listing after raising funds in biggest IPO of 2025

**NEW DEIHI, (Agency).** Tata Capital Ltd. has had a muted listing today, after raising as much as $1.75 billion in India's biggest IPO of 2025.

At 10:00 am on Monday (13 October 2025), Tata Capital's share price rose 1.2% over the IPO price of ₹326 to begin trading at ₹330 apiece, according to the website of the Bombay Stock Exchange on




Monday. The benchmark Sensex was trading 0.34% lower at 82,223.43 points.

The company is positioned for long-term growth, backed by a strong brand and a widening network of branches across India, Indian brokerage Choice said in a note. But given that some of its measures like return on assets are lower than those of peers, the broker only recommended the stock as a long-term investment.

Tata Capital, the non-banking financial company of India's oldest and most reputed conglomerate, kicks off what is going to be a big week for debuts in the country as the shares of LG Electronics India Ltd. are scheduled to start trading on Tuesday. Their performance will be closely watched as scores of Indian companies prepare to go public and raise billions of dollars in India's increasingly hot IPO market.

'द केरला स्टोरी' जैसा दहलाने वाला कांड

# नाबालिग हिंदू लड़की का ब्रेनवॉश, सालों से 'सरफराज' बना रहा था संबंध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**शहर के हीरानगर इलाके में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने सबको हैरान कर दिया। फिल्म ' द केरला स्टोरी ' की तरह यहां भी एक नाबालिग हिंदू लड़की को फुसलाकर ले जाने और उसका ब्रेनवॉश करने का मामला सामने आया है। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने एक मुस्लिम युवक को नाबालिग लड़की के साथ पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी महाराष्ट्र का रहने वाला बताया जा रहा है।**

जानकारी के मुताबिक, आरोपी का नाम सरफराज है। वह कई सालों से नाबालिग लड़की के साथ रह रहा था। बताया जा रहा है कि लड़की ने इसी दौरान एक बच्चे को जन्म दिया, लेकिन आरोपी ने उस बच्चे को कहीं फेंक दिया। जैसे ही इस पूरे मामले की भनक करणी सेना को लगी, संगठन के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और दोनों को हिरासत में लेकर हीरानगर पुलिस को सौंप दिया। करणी सेना के पदाधिकारी मानसिंह राजावत ने बताया कि पूछताछ के दौरान सरफराज ने खुद माना कि वह फिल्म 'द केरला स्टोरी' जैसी घटनाओं से प्रभावित होकर यह सब कर रहा था। उसका मकसद लड़की का ब्रेनवॉश कर उसे दूसरे स्थानों पर ले जाकर अपने कब्जे में रखना था। पुलिस जांच में सामने आया है कि सरफराज ने इस नाबालिग को उत्तर प्रदेश के बांदा जिले से भगाकर लाया था। इसके बाद वह उसे महाराष्ट्र सहित कई जगहों पर लेकर गया। आरोपी के खिलाफ महाराष्ट्र में पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। जैसे ही हीरानगर पुलिस ने इसकी सूचना महाराष्ट्र पुलिस को दी, उनकी टीम इंदौर पहुंची और सरफराज को अपने साथ ले गई। वहीं, जिस नाबालिग को पुलिस ने सुरक्षित बरामद किया है, उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पहले से ही बांदा जिले में दर्ज थी। रविवार को उत्तर प्रदेश पुलिस लड़की के पिता के साथ इंदौर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली। फिलहाल लड़की को बाल कल्याण समिति के संरक्षण में रखा गया है। यूपी पुलिस समिति के समक्ष पेश होकर नाबालिग को अपने साथ ले जाएगी। सब इंस्पेक्टर अंजू बक्शी ने बताया कि बच्ची को बरामद करने के बाद तुरंत बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष पेश किया गया। सीडब्ल्यूसी के आदेशानुसार उसे फिलहाल राऊ स्थित बालिका गृह में रखा गया है। उत्तर प्रदेश पुलिस और बच्ची के परिजन भी इंदौर पहुंच चुके हैं। अब सीडब्ल्यूसी की अनुमति मिलने के बाद ही बच्ची को उनके सुपुर्द किया जाएगा।

## बस ने फिर मारी टक्कर, युवती घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। भाजपा के विधायक गोलू शुक्ला के परिवार की बस के कारण फिर एक हादसा हो गया। शाम के समय व्यस्त राजकुमार ब्रिज पर शुक्ला ब्रदर्स की बस ने एक युवती को चपेट में ले लिया और फिर बस फुटपाथ से टकरा गई। शुक्र है कि बस ने अन्य वाहनों को अपनी चपेट में नहीं लिया। हादसे में युवती घायल हो गई। उसकी एक्टिवा बस के अगले पहिए में फंस गई। लोगों को कहना है कि ड्रायवर नशे में लग रहा था। उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस हादसे के बाद ब्रिज पर यातायात भी बड़ी देर तक बाधित रहा। हादसे के समय बस में यात्री भी सवार थे। उन्हें कोई चोट नहीं आई। यह हादसा शाम सवा छह बजे राजकुमार ब्रिज पर हुआ। पार्क रोड की तरफ से यात्रियों को उज्जैन लेकर रवाना हुई बस ब्रिज पर चढ़ रही थी। इस बीच बस ने एक युवती को टक्कर मार दी। टक्कर से युवती एक तरफ गिरी और उसका दोपहिया वाहन बस के अगले पहिए में फंस गया। बस कुछ दूरी तक आगे बढ़ी और रुक गई। इस बीच भीड़ जमा हो गई। लोगों ने एक रिक्शा रोककर युवती को अस्पताल पहुंचाया और उसके फोन से परिजनों को भी हादसे की सूचना दी। हादसे की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और ड्रायवर को गिरफ्तार किया। उसे भी मेडिकल के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

## 7 साल की बच्ची से बेड टच

**इंदौर।** पलासिया में एक चेस के टीचर के द्वारा 7 साल की बच्ची से बेड टच का मामला सामने आया है। आरोपी उसे चेस सिखाने आता था। इस दौरान उसे गलत तरीके से टच करने लगा। बच्ची के व्यवहार में परिवर्तन दिखने पर मां ने उससे पूछा तो उसने टीचर की हरकतों के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने अब इस मामले में मां की शिकायत पर शनिवार शाम FIR की है। पलासिया पुलिस के मुताबिक एक 40 साल की महिला की शिकायत पर उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में चेस टीचर ओमप्रकाश मंडलोई के खिलाफ पॉस्को एक्ट सहित गंभीर धाराओं में FIR की गई है।

Confidential Investigation & All type of Detective Services

DETECTIVE GROUP

+91-91110 50101

★ Spousal (or) Pre-Matrimonial check
★ Post-Marital Check
★ Individual Character (Personal Cases)
★ Missing Persons Investigation
★ Financial Services Industry
★ Background Investigation
★ Attomeys& Legal Services
★ Investigation (Audio / Video)
★ Bussiness Partners, Bussiness & Corporate
★ Real Estate Fraud Investigation
★ Corporate & Financial Investigation Services
★ Spousal (or) Matrimonial Affair During Divorce of Spouse
★ Human Resource Professionals Investigation / Shadowing
★ Individual Clients Missing / Kidnapped
★ Background Investigation
★ Criminal Record Check
★ Cyber Fraud Investigation
★ Forensic Investigation & Documents, Handwriting Check

पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता

www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक